Vacancy Ref No. BIRAC/VAC/154/Oct-2025-MT

**पोजीशनः** युवा पेशेवर [साझेदारी और आउटरीच] **पद कोडः** MT-08

**कुल पद : 2**

**समेकित पारिश्रमिक:** योग्यता और अनुभव के आधार पर 30,000/- से 50,000/- रुपये के बीच।

**अवधिः** यह नियुक्ति प्रारंभिक रूप से छह महीने की अवधि के लिए होगी, जिसे संतोषजनक प्रदर्शन और संगठनात्मक आवश्यकताओं के आधार पर अधिकतम दो साल तक बढ़ाया जा सकता है।

**कार्य विवरणः** बाइरैक संस्था में व्यवसाय विकास एवं संचार (बी.डी. कॉम) प्रभाग रणनीतिक साझेदारी विकसित करता है, हितधारकों के साथ जुड़ता है, और बाइरैक संस्था के मिशन एवं जैव प्रौद्योगिकी नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए संचार को संभालता है। युवा पेशेवर से यह आशा की जाती है कि वे बाइरैक संस्था के वर्तमान में चल रहे कार्य में योगदान करते हुए जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र में साझेदारी, रणनीतिक संचार और हितधारकों की भागीदारी विकसित करने हेतु व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगी
हम राष्ट्रीय स्तर पर बायोटेक क्षेत्र में विकास को आगे बढ़ाने के लिए एक सुदृढ़, गतिशील एवं प्रेरित व्यक्तियों की तलाश कर रहे हैं और तीव्र एवं नवाचार-केंद्रित वातावरण में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के लिए उत्सुक हैं।

**प्रमुख जिम्मेदारियांः**

- साझेदारी, हितधारक संपर्क और जुड़ाव पहल को निष्पादित करने में बी.डी. कॉम टीम का समर्थन करना।
- निर्णय लेने में सहायता के लिए अनुसंधान, विश्लेषण और उच्च वैचारिकता के साथ डेटा-संचालित अंतर्दृष्टि उत्पन्न करना।
- विभिन्न उपयोगकर्ताओं हेतु तकनीकी अवधारणाओं को प्रभावी ढंग से संप्रेषित करते हुए, वैज्ञानिक लेखों, अवधारणा टिप्पणियों और ज्ञान संक्षिप्त विवरणों को लिखें एवं संबन्धित विषयों पर शोध सहायता करना।
- नीति निर्माताओं, उद्योग और शिक्षाविदों सहित विविध दर्शकों के लिए प्रस्तुतियाँ, रिपोर्ट और संचार सामग्री विकसित करना।
- आयोजनों, कार्यशालाओं और आउटरीच गतिविधियों के डिजाइन, योजना और समन्वय में सहायता करना।
- आंतरिक दलों के साथ समन्वय में सौंपे गए कार्यों का समय पर और उच्च गुणवत्ता वाला निष्पादन सुनिश्चित करना।

**अनिवार्य योग्यताः**
जैव प्रौद्योगिकी, जीवन विज्ञान, प्राकृतिक विज्ञान, औषधि विज्ञान, प्रबंधन, जनसंचार, सार्वजनिक नीति, डेटा एनालिटिक्स या विज्ञान संचार या नवाचार प्रबंधन से संबंधित अन्य संबद्ध क्षेत्रों में चार (04) वर्षीय स्नातक / स्नातकोत्तर डिग्री।

**वांछनीय योग्यता :** एमएस ऑफिस, डेटा विज़ुअलाइज़ेशन प्लेटफ़ॉर्म और डिजिटल संचार उपकरणों में उत्कृष्ठ दक्षता।

विभिन्न हितधारकों के लिए संदेश तैयार करने की क्षमता के साथ अंग्रेजी में उत्कृष्ठ मौखिक और लिखित संचार कौशल, हितधारक प्रबंधन, कार्यक्रम संगठन, सामग्री निर्माण (जैसे रिपोर्ट, संक्षिप्त विवरण या प्रस्तुतियाँ), या नीति जुड़ाव का पूर्व अनुभव।

कॉर्पोरेट पारिस्थितिकी तंत्र में इंटर्नशिप अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी.

**कार्य अनुभव :** 0-2 वर्ष

**आयु सीमा :**
आवेदन की अंतिम तिथि तक अधिकतम 28 वर्ष।

**इस विज्ञापन में दर्शाई गई कुल रिक्तियों की संख्या, यदि आवश्यकता हुई तो बाइरैक के विवेकानुसार बढ़ाई/घटाई/रद्द की जा सकती है।